न्यूज ब्रीफ

डीआरजे कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

मरुलहर न्यूज

बालोतरा। डीआरजे राजकीय कन्या महाविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के अन्तर्गत छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता में राजस्थान व असमिया संस्कृति को उकेरा गया। छात्राओं ने पोस्टर में असम के चाय के बागान, असमिया काजीरंगा, वाद्ययंत्र, ब्रह्मपुत्र नदी को दर्शाया। इसी कड़ी में प्रभारी राजकुमारी द्वारा छात्राओं को असमिया भाषा के बारे में जानकारी दी गई। असमिया भाषा में नमस्कार, धन्यवाद, हम अच्छे है, आप कैसे है क्रमशः नमस्कार, रम् भले असु, तुमि केते, तुमि की कोरिला के बारे में बताया। राजकुमारी ने बताया कि अगली कक्षा में असमिया भाषा की प्रश्नोत्तरी व नृत्य प्रतियोगिता करवाया जायेगा। पोस्टर प्रतियोगिता में दिव्या, प्रियंका कुमारी व खुशबू क्रमशः प्रथम ,द्वितीय व तृतीय रहे।

डीआरजे कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

बालोतरा (सं.)। डीआरजे राजकीय कन्या महाविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के अन्तर्गत छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता में राजस्थान व असमिया संस्कृति को उकेरा गया। छात्राओं ने पोस्टर में असम के चाय के बागान, असमिया काजीरंगा, वाद्ययंत्र, ब्रह्मपुत्र नदी को दर्शाया।

इसी कड़ी में प्रभारी राजकुमारी द्वारा छात्राओं को असमिया भाषा के बारे में जानकारी दी गई। असमिया भाषा में नमस्कार, धन्यवाद, हम अच्छे है, आप कैसे है क्रमशः नमस्कार, रम् भले असु, तुमि केते, तुमि की कोरिला के बारे में बताया। राजकुमारी ने बताया कि अगली कक्षा में असमिया भाषा की प्रश्नोत्तरी व नृत्य प्रतियोगिता करवाया जायेगा। पोस्टर प्रतियोगिता में दिव्या, प्रियंका कुमारी व खशबू क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।